# स्पाइस इंडिया पत्रिका के लेआउट व डिजाइन, अनुवाद और मुद्रण कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है।

**संदर्भ संख्या : प्रच/0077/2024-प्रचार**

**दिनांक :  27 मई 2025**

**जारी करने वाला प्राधिकरण:**

**सचिव के लिए, स्पाइसेस बोर्ड भारत,**

**उप निदेशक(प्रचार)**

**स्पाइसेस बोर्ड**

**सुगंध भवन, एनएच बैपास,**

**पालारिवट्टम पीओ, कोच्ची-682025, केरल,भारत**

**फोन : 0484-2333610-615**

# विषय वस्तु


| क्रम सं. | विवरण | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावना | 3 |
| 2 | निविदा नोटिस | 4 |
| 3 | कार्य की गुंजाइश | 5 |
| 4 | समनुदेशन की अवधि | 7 |
| 5 | न्यूनतम पात्रता मानदंड | 7 |
| 6 | बोली के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज | 8 |
| 7 | बोलियां प्रस्तुत करना | 9 |
| 8 | बोलियों का मूल्यांकन | 11 |
| 9 | निबंधन व शर्तें | 16 |
| 10 | भुगतान की शर्तें | 18 |
| 11 | अस्वीकरण | 19 |
| 12 | विवाद का समाधान | 19 |
| 13 | लागू कानून और क्षेत्राधिकार | 19 |
| 14 | निविदा की महत्वपूर्ण तिथियां | 20 |
| 15 | अनुबंध-1 : बोलीदाता का विवरण | 21 |
| 16 | अनुबंध-2 : घोषणा | 22 |

## 1. प्रस्तावना

स्पाइसेस बोर्ड (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार) भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी प्रचार का प्रमुख संगठन है। बोर्ड, भारतीय निर्यातकों और विदेश में आयातकों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय कड़ी है। बोर्ड, भारतीय मसालों की उत्कृष्टता के लिए गतिविधियों की अगुवाई कर रहा है, जिसमें उद्योग का प्रत्येक वर्ग शामिल है।

भारतीय मसालों के लिए सरकारी नियामक और निर्यात संवर्धन निकाय स्पाइसेस बोर्ड का मुख्यालय कोच्चि में है। स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम 1986 के अंतर्गत 1987 में गठित स्पाइसेस बोर्ड के पास छोटी और बड़ी इलायची के उत्पादन और विकास और 52 अनुसूचित मसालों के निर्यात संवर्धन का उत्तरदायित्व है।

स्पाइसेस बोर्ड की बहुआयामी गतिविधियों में निर्यात संवर्धन, अनुसंधान, विकास और छोटी और बड़ी इलायची के घरेलू विपणन का नियमन, सभी मसालों का फसल कटाई के बाद सुधार, जैविक उत्पादन को बढ़ावा देना, मसालों का प्रसंस्करण और प्रमाणन, पूर्वोत्तर में मसालों का विकास, गुणवत्ता मूल्यांकन सेवाएं आदि शामिल हैं। बोर्ड विभिन्न योजनाओं जैसेकि व्यापार संवर्धन, ब्रांड संवर्धन, अनुसंधान और उत्पाद विकास आदि के माध्यम से मसाला निर्यात संवर्धन का समर्थन करता है। यह बोर्ड विश्व बाजार में भारतीय मसालों और मूल्य वर्धित मसाला उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भाग लेता है।

स्पाइसेस बोर्ड की प्रमुख गतिविधियों में से एक है निर्यातकों और आयातकों के हितलाभ के लिए विभिन्न प्रकार के मीडिया में प्रचार और शिक्षाप्रद सामग्रियों का प्रकाशन करना। बोर्ड, स्पाइसेस इंडिया पत्रिका को अंग्रेजी, मलयालम, तमिल, कन्नड़, हिंदी में मासिक और तेलुगु में त्रैमासिक के रूप में प्रकाशित करता है। बोर्ड, मसाला उद्योग के हितलाभ के लिए विभिन्न रिपोर्टें, पुस्तिकाएं, ब्रोशर आदि भी प्रकाशित करता है।

## 2. निविदा नोटिस

स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, बोर्ड की स्पाइस इंडिया पत्रिकाओं के डिजाइन, अनुवाद और मुद्रण के लिए पांच या उससे अधिक वर्षों के अनुभव वाली एरणाकुलम और उसके आसपास प्रतिष्ठित प्रिंटिंग प्रेस से ई-निविदा आमंत्रित करता है।

निविदा दस्तावेज नियम और शर्तों और तकनीकी आवश्यकताओं के विवरण के साथ केंद्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (www.eprocure.gov.in),स्पाइसेस बोर्ड की वेबसाइट (www.indianspices.com) और सरकारी ई-बाज़ार(जीईएम) (https://gem.gov.in/) पर उपलब्ध है। निविदाएं केंद्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (www.eprocure.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होंगी।

केंद्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 19 जून 2025 सायं 5.00 बजे है। निविदा दस्तावेज में उल्लिखित विनिर्देशों और निबंधन व शर्तों के अनुसार, पीडीएफ प्रारूप में अपलोड किए गए सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सभी बोलियां ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी चाहिए।

बोली दो अलग-अलग हिस्सों में ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी है, अर्थात तकनीकी बोली और वित्तीय बोली। तकनीकी बोली के हिस्से के रूप में ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए सहायक दस्तावेजों की भौतिक प्रति स्पाइसेस बोर्ड को 'उप निदेशक (प्रचार), स्पाइसेस बोर्ड, सुगांधा भवन, एनएच बाईपास, पालारिवट्टम, कोच्ची- 682025' को संबोधित करके सीलबंद कवर में 19 जून 2025 को सायं 5.00 बजे तक अथवा उससे पूर्व भेजी जाए। इन दस्तावेजों को एक लिफाफे में रखा जाए जिसके ऊपर स्पाइस इंडिया पत्रिका के अभिकल्प और डिजाइनिंग, अनुवाद और मुद्रण कार्य के लिए ई-निविदा अंकित किया जाए। प्रस्तुत किए गए सहायक दस्तावेजों के साथ वित्तीय बोली के बारे में कोई भी उल्लेख करने पर बोली अस्वीकार कर दी जाएगी।

तकनीकी बोली 20 जून 2025 को सायं 5.30 बजे स्पाइसेस बोर्ड के मुख्यालय में खोली जाएगी। जिन विक्रेताओं की तकनीकी बोलियां योग्य हो जाती हैं, उनकी वित्तीय बोलियां बाद की तारीख में खोली जाएंगी और केवल योग्य विक्रेताओं को अधिसूचित किया जाएगा।

## 3. कार्य की गुंजाइश

स्पाइसेस बोर्ड, स्पाइस इंडिया पत्रिकाओं के डिजाइन, अनुवाद और मुद्रण के लिए पांच या उससे अधिक वर्षों का अनुभव रखने वाले एर्नाकुलम और उसके आसपास प्रतिष्ठित प्रिंटिंग प्रेसों से ई-निविदा आमंत्रित करता है।

### 3.1 प्रकाशन का विवरण:

स्पाइस इंडिया पत्रिका अंग्रेजी, मलयालम, तमिल, कन्नड़ और हिंदी में मासिक रूप में ।

**विनिर्देश**

i. आकार: 21X28 सेमी/I/4 डेमी और प्रिंट क्षेत्र 17.5 सेमी X 21.5 सेमी

ii. कागज: अंदर - 90 जीएसएम आर्ट पेपर; कवर पेज- 100 जीएसएम आर्ट पेपर

iii. मल्टी कलर प्रिंट

iv. जिल्द : बीच में स्टेपलिंग

v. पृष्ठों की संख्या: 32 (न्यूनतम) - 44 (अधिकतम) लेकिन प्रत्येक अंक के आधार पर भिन्न हो सकता है

*आवश्यकता और उपलब्धता के अनुसार परिवर्तन के अधीन

### 3.2 स्पाइस इंडिया पत्रिकाओं का प्रारूप

- भाषाएं और आवधिकता: अंग्रेजी, मलयालम, तमिल, कन्नड़ और हिंदी मासिक और तेलुगु त्रैमासिक के रूप में।
- आकार: 21X 28 सेमी/डेमी 1/4 और प्रिंट क्षेत्र : 17.5 सेमी x 21.5 सेमी ।
- अनुबंध अवधि के दौरान दो और तीन फोल्ड गेट कवर पर भी विचार किया जाएगा।
- स्पाइस इंडिया के प्रत्येक अंक के लिए सामग्री अंग्रेजी में पीडीएफ/.docx प्रारूप में प्रदान की जाएगी। मुद्रक/एजेंसी को मुख्य संपादक/संपादक के परामर्श से मलयालम, तमिल, कन्नड़, तेलुगु और हिंदी में संरचना, अभिकल्प और डिजाइन और अनुवाद करना होगा। स्पाइस इंडिया पत्रिकाओं के मुद्रण का कार्य करने वाला मुद्रक कोच्चि पीएसओ में, चित्तूर रोड, एर्नाकुलम में उल्लिखित पोस्टिंग तिथियों पर पत्रिकाओं के परिवहन और वितरण की व्यवस्था करेगा।

### पोस्टिंग की तिथियां

1. स्पाइस इंडिया अंग्रेजी: हर महीने की 19 तारीख
2. स्पाइस इंडिया मलयालम: हर महीने की 20 तारीख
3. स्पाइस इंडिया कन्नड़: हर महीने की 29 तारीख
4. स्पाइस इंडिया तमिल: हर महीने की 29 तारीख
5. स्पाइस इंडिया हिंदी- हर महीने की 27 तारीख

- ❖ पोस्टिंग की तारीखों में भारतीय डाक अधिकारियों की सुविधा के अनुसार बदलाव किया जाएगा और अनुबंधित मुद्रण प्रेस को बदलावों को स्वीकार करना होगा।

3.2.1 पत्रिकाओं के प्रेषण के संबंध में मुद्रक हर महीने निम्नलिखित व्यवस्थाएं करेगा।

- ग्राहकों के पते हर महीने की 10 तारीख को मेल किए जाएंगे और मुद्रक निर्दिष्ट तिथियों पर बोर्ड के संपादक के साथ संपर्क करेगा।
- पत्रिकाओं के लिफाफों को अंकित पते में शहरों और पीएसओ के क्रम में बंडल किया जाएगा।
- बंडल में पत्रिकाओं की संख्या और पीएसओ का नाम एक पर्ची में नोट करके इसे बंडलों के शीर्ष पर प्रदर्शित किया जाएगा। (उदाहरण के लिए: तिरुवनंतपुरम पीएसओ -संख्या 100)
- पत्रिका पोस्ट करने के पहले दिन, पोस्ट की जाने वाली प्रतियों की संख्या बोर्ड के संपादक को सूचित की जानी है। इसके बाद मुद्रक, पीएसओ को सौंपने के लिए संपादक द्वारा जारी डाक चालान नियमित रूप से बिना किसी चूक के एकत्र करेगा।
- पत्रिका के पोस्टिंग के दिन पूरे बंडलों को चित्तूर रोड एर्नाकुलम में कोच्चि पीएसओ में ले जाया और सुपुर्द किया जाएगा।
- सुपुर्दगी के बाद पीएसओ द्वारा जारी डाक चालान की हस्ताक्षरित दोहरी प्रति बिना किसी चूक के बोर्ड के संपादक को जमा की जाएगी।
- मुद्रक पत्रिका की पोस्टिंग शनिवार को भी कर सकता है। यदि डाक तिथि रविवार या अन्य सामान्य अवकाश है, तो पत्रिकाओं को पीएसओ में अगले ही कार्य दिवस पर पोस्ट किया जा सकता है।
- प्रक्रिया में किसी भी देरी, जो अतिरिक्त डाक शुल्क का कारण होगा, मुद्रक की चूक के रूप में माना जाएगा और अतिरिक्त शुल्क मुद्रक से वसूल किया जाएगा।
- मुद्रण करने से पूर्व प्रत्येक मद का नमूना/प्रूफ दिखाना आवश्यक होगा और अंतिम मुद्रण से पहले लिखित/ईमेल में स्पाइसेस बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

**4. समनुदेशन की अवधि**

निर्दिष्ट मुद्रण कार्य 2 (दो) वर्षों की प्रारंभिक अवधि के लिए होगा जिसे एजेंसी के संतोषजनक निष्पादन पर बढ़ाया जा सकता है तथा यदी आपसी सहमती हो तो समान नियमों व शर्तों के साथ दो वर्षों की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**5. न्यूनतम पात्रता मानदंड**

एजेंसी/फर्मों/कंपनियों को निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना होगा:

1. बोलीदाता एक प्रतिष्ठित मुद्रक (इसके बाद "विक्रेता" के रूप में संदर्भित किया जाएगा) होना चाहिए जिसका पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष में रुपये 50 (पचास) लाख और उससे

अधिक का न्यूनतम वित्तीय कारोबार (निर्धारण वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20) होना चाहिए।

2. विक्रेता का प्रकाशनों के मुद्रण और वितरण में न्यूनतम पाँच वर्ष का अनुभव होना चाहिए

3. विक्रेता को अपनी स्वयं की प्रेस में पिछले 3 वर्षों में 1500 से अधिक प्रतियों के लिए सरकार/पीएसयू और अन्य नियमित निजी पत्रिकाओं के मुद्रण से संबंधित प्रतिवर्ष कम से 5 कार्य आदेश प्राप्त होने चाहिए।

4. विक्रेता का कर पंजीकरण होना चाहिए

5. विभिन्न सामाजिक/सेवा और व्यापार सम्मेलनों में संघ/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रमों/निजी उद्यमों आदि के प्रकाशनों के मुद्रण और वितरण के लिए प्रमाण सहित अनुभव ।

6. बोलीदाता को किसी भी सरकारी संगठन द्वारा पहले काली सूची में नहीं डाला होना/ अ-पंजीकृत नहीं किया जाना चाहिए। फर्म/एजेंसी के लेटर हेड पर इस आशय का प्रमाणपत्र जमा किया जाए।

7. विक्रेता का आधार एर्नाकुलम, केरल और उसके आसपास होना चाहिए।

| **क्रम सं.** | **पात्रता मानदंड** | **अपेक्षित सहायक दस्तावेज़** |
|---|---|---|
| 1 | विक्रेता एक एकल इकाई होगा, जो भारत में संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत कंपनी, फर्म या सोसायटी के रूप में पंजीकृत होगा और 5 वर्षों से अधिक समय से भारत में अस्तित्व में होना चाहिए। | आरओसी स` कंपनी निगमन प्रमाणपत्र या पंजीकरण प्रमाणन |
| 2 | विक्रेता को भारत में उपयुक्त कर और अन्य प्रशासनिक प्राधिकारियों के यहाँ पंजीकृत होना चाहिए। | जीएसटी पंजीकरण और पैन कार्ड |
| 3 | विक्रेता का पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष में रुपये 50 (पचास) लाख और उससे अधिक का न्यूनतम वित्तीय कारोबार (निर्धारण वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20) होना चाहिए। | संगठन के सनदी लेखाकार से प्रमाणपत्र और उल्लिखित वर्षों के लेखापरीक्षित तुलनपत्र और लाभ व हानि विवरणी और आयकर विवरणी। |
| 4 | विक्रेता को अपनी स्वयं की प्रेस में पिछले 3 वर्षों में 1500 से अधिक प्रतियों के प्रतिवर्ष कम से 5 कार्य आदेश निष्पादित किए होने चाहिए। | वांछित कार्य-आदेश प्रतियां/ नमूने प्रस्तुत किए जाएं। |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | विक्रेता तकनीकी बोली प्रस्ताव के साथ 'सचिव, स्पाइसेस बोर्ड' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में 1,00,000 रुपये (केवल एक लाख रुपये) की बयाना राशि जमा करेगा और यह बोली जमा करने की तारीख से 90 दिनों के लिए मान्य होगी। यह सफल विक्रेता के अंतिम निर्णय होने के बाद वापस कर दी जाएगी | कोचीन में देय 'सचिव, स्पाइसेस बोर्ड' के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट। |
| 6 | विक्रेता के पास प्रकाशनों के मुद्रण और वितरण के लिए प्रमाण सहित अनुभव होना चाहिए। | कार्य आदेश प्रति प्रस्तुत की जाए। |
| 7 | बोलीदाता को किसी भी सरकारी संगठन द्वारा पहले काली सूची में नहीं डाला होना/ अ-पंजीकृत नहीं किया जाना चाहिए। | फर्म/एजेंसी के लेटर हेड पर इस आशय का प्रमाणपत्र |
| 8 | प्रमुख स्टाफ का अनुभव | प्रमुख कर्मचारियों के अनुभव और उनके प्रोफाइल पर संक्षिप्त नोट संलग्न किया जाना है |
| 9 | एर्नाकुलम और उसके आसपास के कार्यालयों के विवरण | किराया अनुबंध/लीज डीड की प्रति |

**6. बोली के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज**

विक्रेता द्वारा तैयार और प्रस्तुत किए गए बोली प्रस्ताव में निम्नलिखित शामिल होंगे;

1. निविदा की विधिवत हस्ताक्षरित प्रति के साथ विक्रेता/फर्म के लेटरहेड में बोली सहमति पत्र।

2. बोली प्रस्तुति प्रपत्र

3. प्रयुक्त प्रौद्योगिकी/मशीनरी आदि की जानकारी के साथ विक्रेता प्रोफ़ाइल।

4. निर्धारित प्रारूप में घोषणा (अनुबंध II)

5. न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए दस्तावेजी प्रमाण और/ या कार्य-आदेश की प्रतिलिपि

6. पंजीकरण / निगमन प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि

7. पैन की प्रतिलिपि

8. जीएसटी पंजीकरण की प्रतिलिपि

9. पिछले 3 मूल्यांकन वर्षों (निर्धारण वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20) की वार्षिक रिपोर्ट/तुलन-पत्र/लाभ और हानि लेखे की प्रतिलिपि)

10. पिछले 3 निर्धारण वर्ष के आयकर विवरणी की प्रतिलिपि और फर्म के सनदी लेखाकार से प्रमाणपत्र।

11. पात्रता मानदंड के बिंदु 5 में निर्दिष्ट बयाना जमा राशि।

## 7. बोलियां जमा करना

निविदा दो कवर प्रणाली में  जिसे विधिवत स्कैन और डिजिटल विक्रेता के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित करके इस प्रकार से ऑनलाइन प्रस्तुत की जाएगी

### 7.1. तकनीकी बोली (कवर-1)

1. विक्रेता को निविदा दस्तावेज में दर्शाए गए आवश्यक बोली दस्तावेजों पर एक-एक करके डिजिटल हस्ताक्षर और अपलोड करना होता है।
2. तकनीकी बोली कवर में अनुबंध 1 में मांगे गए विवरण के साथ-साथ उसमें उल्लिखित सभी सहायक दस्तावेजों की प्रतियां शामिल होनी चाहिए।
3. विक्रेता या उसका अधिकृत प्रतिनिधि सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करेगा और अपलोड करेगा, उनकी शुद्धता/प्रामाणिकता के लिए जिम्मेदारी लेगा और निविदा दस्तावेज के नियमों और शर्तों की स्वीकृति के संबंध में घोषणा प्रस्तुत करेगा।
4. अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर और मुहर के साथ कवर 1 के भाग के रूप में प्रस्तुत दस्तावेजों की हार्ड प्रतियां 7.4.6 में उल्लिखित पते पर भेजी जाएंगी ताकि निविदा के समापन समय पर या उससे पहले पते तक पहुंच जाए ,
5. विक्रेताओं को आगाह किया जाता है कि कवर-1 (तकनीकी बोली) में किसी भी वित्तीय जानकारी का प्रकटन करने से उनकी निविदा रद हो जाएगी।

### 7.2. वित्तीय बोली (कवर-2)

1. संबंधित कवर- 2, अर्थात केवल तकनीकी रूप से योग्य प्रस्ताव (जो न्यूनतम पात्रता मानदंडों को सफलतापूर्वक पूरा करते हैं) की वित्तीय बोली खोली जाएगी। वित्तीय बोली दिए गए प्रारूप में, केवल केंद्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (www.eprocure.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत की जाएगी। निविदा प्रक्रिया के दौरान प्रिंट में किसी भी समय वित्तीय जानकारी नहीं दी जानी चाहिए। ऐसा कोई भी उदाहरण बोली को अनुत्तरदायी बना देगा।
2. जो विक्रेता निर्धारित तिथि और समय के भीतर तकनीकी बोली (कवर 1) जमा नहीं करते हैं, उन्हें अनुत्तरदायी माना जाएगा।
3. यदि बोर्ड द्वारा निर्धारित आवश्यकताओं के अनुसार बोलियां प्रस्तुत नहीं की जाती हैं, तो बोली सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दी जाएगी।

### 7.3. निविदा दस्तावेजों में संशोधन

1. निविदा प्रस्तुत करने की समय सीमा से पहले किसी भी समय, स्पाइसेस बोर्ड किसी भी कारण से, शुद्ध/परिशिष्ट द्वारा निविदा दस्तावेज को संशोधित कर सकता है।

2. शुद्धि/परिशिष्ट स्पाइसेस बोर्ड की वेबसाइट (www.indianspices.com), केंद्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (www.eprocure.gov.in) और जीईएम(https://gem.gov.in/) में प्रकाशित किया जाएगा।

3. बोलीदाता निविदा दस्तावेज के नियमों और शर्तों को पढ़ने और स्वीकार करने के प्रमाण के रूप में तकनीकी बोली के भाग के रूप में प्रकाशित विधिवत हस्ताक्षरित शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो, की एक प्रति प्रस्तुत करेगा।

4. स्पाइसेस बोर्ड का पूर्ण या आंशिक रूप से निविदा स्वीकार करने या किसी भी स्तर पर उसके किसी भी कारण को बताए बिना अस्वीकार करने का अधिकार है।

**7.4. ईएमडी (बयाना जमा राशि)**

1. प्रत्येक तकनीकी बोली के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से डिमांड ड्राफ्ट के रूप में 1,00,000 रुपये (केवल एक लाख रुपये) की ईएमडी  होनी चाहिए, जो ' सचिव, स्पाइसेस बोर्ड, कोचीन के पक्ष में देय हो।

2. ईएमडी के बिना तकनीकी बोली को तब तक अस्वीकार कर दिया जाएगा जब तक कि सरकार द्वारा ईएमडी के भुगतान से विशेष रूप से छूट नहीं दी जाती है जिसके लिए कारणों और प्रमाण को संलग्न किया जाना चाहिए।

3. असफल विक्रेताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी (बिना किसी ब्याज के)

4. सफल विक्रेता की ईएमडी राशि कार्य-आदेश की स्वीकृति और निष्पादन प्रतिभूति जमा करने के बाद 45 दिनों के भीतर (बिना किसी ब्याज के) यथालागू,वापस कर दी जाएगी।

5. यदि विक्रेता अपनी निविदा निविदा की वैधता की अवधि के भीतर वापस ले लेता है या अपनी निविदा में संशोधन करता है या उसकी किसी भी संबंध में निविदा को नकारता है तो ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।

6. ईएमडी को एक सीलबंद लिफाफे में निविदा की हार्ड कॉपी के साथ, निविदा के समापन समय पर या उससे पहले प्रस्तुत की जाए और निम्नलिखित पते पर भेजी जाए।

**उप निदेशक (प्रचार विभाग)**
**स्पाइसेस बोर्ड, सुगांध भवन**
**एनएच बाई पास, पलारिवेटम**
**कोचीन केरल-682025**

7. एक विक्रेता केवल एक प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकता है। यदि कोई विक्रेता एक से अधिक प्रस्ताव प्रस्तुत करता है तो ऐसे प्रस्तावों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। अंतिम तिथि और ऊपर उल्लिखित समय के बाद प्राप्त बोलियों को इस मामले पर बिना किसी अन्य संचार के अस्वीकार कर दिया जाएगा।

## 8. बोलियों का मूल्यांकन

स्पाइसेस बोर्ड द्वारा गठित एक निविदा मूल्यांकन समिति (टीईसी) तकनीकी बोलियों का विस्तृत मूल्यांकन करेगी ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या यह निर्धारित न्यूनतम पात्रता के लिए काफी अधिक उत्तरदायी है।

### 8.1. तकनीकी मूल्यांकन मानदंड

तकनीकी बोलियों का विस्तृत मूल्यांकन करने से पहले, स्पाइसेस बोर्ड यह निर्धारित करेगा कि प्रत्येक बोली सभी प्रकार से पूर्ण है और आवश्यक जानकारी और दस्तावेजों संलग्न है और निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।

1. स्पाइसेस बोर्ड निर्धारित तिथि और समय पर प्राप्त निविदाओं की जांच जाँच यह निर्धारित करने के लिए करेगा कि क्या वे पात्रता मानदंडों, और इसके बाद के संशोधन को पूरा करती हैं और इस दस्तावेज में उल्लिखित नियमों और शर्तों को स्वीकार किया गया है और क्या निविदाएं सभी प्रकार से पूर्ण हैं।
2. जांच करने पर, अस्पष्ट पाई गई/वांछित प्रारूप में नहीं/अधूरी/स्पष्ट जानकारी युक्त निविदाओं पर आगे मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किया जाएगा।
3. यदि आवश्यक समझा जाता है, तो स्पाइसेस बोर्ड बोलीदाता से निविदा के किसी भी पहलू पर स्पष्टीकरण मांग सकता है। यदि लिखित प्रतिक्रिया का अनुरोध किया जाता है, तो इसे 3 दिनों के भीतर प्रदान किया जाना चाहिए। 3 दिनों के बाद प्राप्त प्रतिक्रिया, यदि कोई हो, पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, आवेदक को पहले से ही प्रस्तुत अपने निविदा दस्तावेज में किसी भी परिवर्तन का हक नहीं होगा। स्पाइसेस बोर्ड भी इसी तरह की परियोजनाओं के संबंध में आवेदकों के पिछले निष्पादन को स्थापित करने के लिए पूछताछ करेगा। आवेदन में प्रस्तुत या बाद में प्राप्त की गई सभी जानकारी को गोपनीय माना जाएगा।
4. अंतिम चयन वित्तीय मानदंड के आधार पर होगा। हालांकी, तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन नीचे दिये गए तरीके से किया जाएगा और तकनीकी बोली मूल्यांकन में न्यूनतम योग्यता अंक 60 है।

**तकनीकी बोली का मूल्यांकन**

| क्रम सं | मानदंड | महत्व | अधिकतम मार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 अगस्त 2024 तक मुद्रण में प्रासंगिक अनुभव के वर्षों के संख्या | 03 वर्ष -05 अंक<br>4 - 7 वर्ष - 10 अंक<br>7 - 10 वर्ष - 15 अंक<br>10 वर्षों से अधिक - 20 अंक | 20 |
| 2 | योग्यता, अनुभव और प्रमुख कर्मचारियों की संख्या का सामान्य विवरण | 20 स्टाफ तक- 05 अंक<br>20 - 30 स्टाफ - 10 अंक<br>30 स्टाफ से अधिक - 15 अंक | 15 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | प्रमुख कर्मचारियों का औसत अनुभव | 5 वर्ष तक - 05 अंक<br>5 - 10 वर्ष - 10 अंक<br>10 वर्षों से अधिक- 15 अंक | 15 |
| 3 | इसी प्रकार के कार्यों में अनुभव(पत्रीकाओं और जर्नल के मुद्रण) | 3 कार्य तक - 5 अंक<br>3 कार्य से अधिक - 10 अंक | 10 |
| 4 | वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के लिए औसत वित्तीय कारोबार | 50 लाख तक - 5 अंक<br>50 लाख से एक करोड़ तक-10 अंक<br>1.5 करोड़ से अधिक-20 अंक | 20 |
| 5 | प्रेस में उपलब्ध मशीनरी/उपकरणों का विवरण | | 20 |
| | कुल | | 100.00 |

तकनीकी बोली मूल्यांकन में न्यूनतम अर्हता 60 अंक है।

**8.2 वित्तीय बोली प्रपत्र**

**लॉट 1 क:** अंग्रेजी में स्पाइस इंडिया पत्रिकाओं का बहु रंग मुद्रण, मलयालम, तमिल, कन्नड़, हिंदी के रूप में मासिक और तेलुगु में त्रैमासिक-32 पृष्ठों के साथ 90 जीएसएम ग्लॉसी आर्ट पेपर और 100 जीएसएम आर्ट पेपर कवर पेज के लिए

पूर्ण पृष्ठ: 21.5 सेमी (एच) x 15.5 सेमी (डब्ल्यू) ब्लीड: 27.5 सेमी (एच) x 19 सेमी (डब्ल्यू)

| क्रम सं. | मद | भारतीय रुपये में कुल लागत |
|---|---|---|
| क | पहली 1000 प्रतियां (28 +4 = 32 पृष्ठ) (जीएसटी सहित) | |
| ख | दूसरी 500 प्रतियां (जीएसटी सहित) | |
| ग | एकल पत्रिका के लिए मैसूर क्राफ्ट पेपर कवर की छपाई (जीएसटी सहित) | |
| घ | पैकिंग+मुद्रांकन और अग्रेषण/प्रेषण शुल्क (जीएसटी सहित) | |
| ङ | कोई अन्य आकस्मिक खर्च | |
| ट | अतिरिक्त पृष्ठों के लिए दर (प्रति 4 पृष्ठ)/(जीएसटी सहित) | |
| | कुल(क) | |

***क= क+(ग x1000)+(घ x1000)+ङ**

**लॉट 1 ख:** अंग्रेजी में स्पाइस इंडिया पत्रिकाओं का बहु रंग मुद्रण, मलयालम, तमिल, कन्नड़, हिंदी के रूप में मासिक और तेलुगु में त्रैमासिक-32 पृष्ठों के साथ अंदरूनी टेक्स्ट पेपर के लिए 90 जीएसएम मैटल पेपर और कवर पेज के लिए 100 जीएसएम मैटल पेपर।

पूर्ण पृष्ठ: 21.5 सेमी (एच) x 15.5 सेमी (डब्ल्यू) ब्लीड: 27.5 सेमी (एच) x 19 सेमी (डब्ल्यू)

| **क्रम सं.** | **मद** | **भारतीय रुपये में कुल लागत** |
|---|---|---|
| क | पहली 1000 प्रतियां (28 +4 = 32 पृष्ठ) (जीएसटी सहित) | |
| ख | दूसरी 500 प्रतियां (जीएसटी सहित) | |
| ग | एकल पत्रिका के लिए मैसूर क्राफ्ट पेपर कवर की छपाई (जीएसटी सहित) | |
| घ | पैकिंग+मुद्रांकन और अग्रेषण/प्रेषण शुल्क (जीएसटी सहित) | |
| ङ | कोई अन्य आकस्मिक खर्च | |
| ट | अतिरिक्त पृष्ठों के लिए दर (प्रति 4 पृष्ठ)/(जीएसटी सहित) | |
| | कुल(ख)* | |

***ख= क+(ग x1000)+(घ x1000)+ङ**

**फॉर्मूला: क+ख+ग+घ**

**लॉट 1 ग:** अंग्रेजी में स्पाइस इंडिया पत्रिकाओं का बहु रंग मुद्रण, मलयालम, तमिल, कन्नड़, हिंदी के रूप में मासिक और तेलुगु में त्रैमासिक-32 पृष्ठों के साथ अंदरूनी टेक्स्ट पेपर के लिए 90 जीएसएम मैपथिलो पेपर और कवर पेज के लिए 100 जीएसएम मैपथिलो पेपर।

पूर्ण पृष्ठ: 21.5 सेमी (एच) x 15.5 सेमी (डब्ल्यू) ब्लीड: 27.5 सेमी (एच) x 19 सेमी (डब्ल्यू)

| **क्रम सं.** | **मद** | **भारतीय रुपये में कुल लागत** |
|---|---|---|
| क | पहली 1000 प्रतियां (28 +4 = 32 पृष्ठ) (जीएसटी सहित) | |
| ख | दूसरी 500 प्रतियां (जीएसटी सहित) | |
| ग | एकल पत्रिका के लिए मैसूर क्राफ्ट पेपर कवर की छपाई (जीएसटी सहित) | |
| घ | पैकिंग+मुद्रांकन और अग्रेषण/प्रेषण शुल्क (जीएसटी सहित) | |
| ङ | कोई अन्य आकस्मिक खर्च | |
| ट | अतिरिक्त पृष्ठों के लिए दर (प्रति 4 पृष्ठ)/(जीएसटी सहित) | |
| | **कुल(ग)*** | |

**⁎ग= क+(ग x1000)+(घ x1000)+ङ**

**लॉट 2:** अनुवाद और कम्पोज़िंग शुल्क: 32 पृष्ठों की एक इकाई के लिए दिए गए फ़ोटो और चित्रों आदि के साथ प्रत्येक भाषा के लिए अभिकल्प और डिजाइन सहित।

| **क्रम सं.** | **जीएसटी सहित भाषा-वार अनुवाद और कम्पोज़िंग शुल्क** | **32 पृष्ठों की एक इकाई के लिए अनुवाद और कम्पोज़िंग शुल्क** | **अतिरिक्त पृष्ठ के लिए शुल्क (प्रति 4 पृष्ठ)** |
|---|---|---|---|
| | **क** | **ख** | **ग** |
| 1 | अंग्रेजी (केवल **कम्पोज़िंग** शुल्क) | | |
| 2 | हिंदी (अनुवाद और कम्पोज़िंग) | | |
| 3 | मलयालम (अनुवाद और कम्पोज़िंग) | | |
| 4 | तमिल (अनुवाद और कम्पोज़िंग) | | |
| 5 | कन्नड़ (अनुवाद और कम्पोज़िंग) | | |
| | कुल (घ) | | |

***घ=1 ख+2 ख+3 ख+4 ख+5 ख**

8.3 ऑनलाइन वाणिज्यिक बोलियों के अलावा बोली के किसी भी हिस्से में कीमतों का कोई उल्लेख नहीं होना चाहिए।

8.4. वित्तीय बोली में, यदि आंकड़ों और शब्दों में उल्लिखित कीमतों के बीच कोई विसंगति है, तो शब्दों में उल्लिखित कीमतें प्रबल होंगी।

8.5. मूलतः उत्तरदायी बोलियां: एक पर्याप्त उत्तरदायी बोली एक है, जो निविदा की सभी आवश्यकताओं, नियमों, शर्तों और विनिर्देशों के अनुरूप है

8.6. बोली मूल्यांकन प्रक्रिया या निविदा मूल्यांकन समिति की बोलियों या निर्णयों देने की प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए विक्रेता द्वारा किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

8.7. यदि आवश्यक समझा जाता है, तो स्पाइसेस बोर्ड अपने विवेकाधिकार में तकनीकी मूल्यांकन के लिए मानदंडों सहित तकनीकी मूल्यांकन के लिए कट ऑफ पॉइंट्स में आवश्यक भिन्नता कर सकता है।

8.8. निविदा मूल्यांकन समिति किसी भी या सभी बोलीदाताओं के साथ तकनीकी बातचीत या चर्चा करने कर सकती है। तकनीकी और वाणिज्यिक बोलियों के मूल्यांकन में मूल्यांकन समिति का निर्णय अंतिम और सभी पक्षों के लिए बाध्यकारी होगा ।

8.9. निविदा/अनुबंध के नियमों और शर्तों से सहमत होने में बोलीदाता की विफलता अनुबंध के ठेके को रद्द करने के लिए पर्याप्त आधार होगा, जिस स्थिति में अगले सबसे उत्तरदायी बोलीदाता को ठेका दिया जा सकता है।

8.10 अनुबंध का पुरस्कार: चयन न्यनतम लागत विधि आधारित मूल्यांकन (एलसीबीएस) के आधार पर किया जाएगा। मुद्रण, और रचना और अनुवाद शुल्क की संयुक्त लागत यानी लॉट **1** क **+** लॉट 2 जो **क+घ** का योग है, को सबसे कम निर्धारित करने के लिए माना जाएगा और काम सबसे कम उत्तरदायी निविदा को दिया जाएगा। हालांकी, आपात स्थिति के मामले में, बोलीदाता को **लॉट 1 ख और लॉट 1 ग** में उल्लिखित सामग्रियों की आपूर्ति उसके द्वारा उद्धृत दरों पर करनी चाहए।

i. यदि दो या अधिक तकनीकी रूप से योग्य फर्म एक ही न्यूनतम कीमत उद्धृत करती है, तो तकनीकी बोली में उच्चतम अंक वाली फर्म को अनुबंध प्रदान किया जाएगा।

ii. यदि दो या अधिक तकनीकी रूप से योग्य फर्म एक ही न्यूनतम कीमत उद्धृत करती है तथा उनका तकनीकी स्कोर समान होता है तो केन्द्रीय सार्वजनिक कराद पोर्टल का स्वत: चयन किया जाएगा।

iii. तकनीकी बोली को उत्तीर्ण करने के लिए आवश्यक न्यूनम अंक 60 होगा।

iv. इससे उत्पन्न होने वाले कोई भा कानूनी विवाद केवल एर्नाकुलम की अदालतों के अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

## 9. निबंधन व शर्तें

9.1 निविदा प्रस्तुत करना निविदा प्रक्रिया और बाद में बोली प्रक्रिया के लिए अनुरोध के नियमों और शर्तों का पालन करने के लिए बोलीदाता की सहमति का साक्ष्य है। यदि कोई बोलीदाता किसी भी शर्त का अनुपालन करने में विफल रहता है, तो बोली को सरसरी तौर पर अस्वीकार किया जा सकता है।

9.2 निविदा में किसी भी तथ्य का जानबूझकर गलत बयानी करने से बोलीदाता को अन्य कार्रवाइयों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा जो स्पाइसेस बोर्ड ले सकता है।

9.3 स्पाइसेस बोर्ड का बिना किसी कारण बताए प्राप्त किसी भी या सभी निविदाओं को स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है इसलिए इस संबंध में स्पाइसेस बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।

9.4 बोलीदाता को संलग्न रूप में संगठन, अनुभव, तकनीकी कर्मियों, सक्षमता और इसके वित्तीय स्थायी आदि के पर्याप्त साक्ष्य के बारे में विवरण देते हुए अपना पूरा प्रोफाइल प्रस्तुत करना होता है जिसे गोपनीय रखा जाएगा।

9.5 निविदा प्रक्रिया में केवल भागीदारी से कोई भी संविदात्मक बाध्यता उत्पन्न नहीं होगी।

9.6 मूल्यांकन प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए बोलीदाता की ओर से किए गए किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप निविदा को अस्वीकार किया जा सकता है।

9.7 स्पाइसेस बोर्ड डाक देरी या बीच में छुट्टियों सहित किसी भी कारण से निर्धारित तिथि और समय के भीतर निविदाएं प्राप्त न करने के लिए उत्तरदायी नहीं है।

9.8 स्पाइसेस बोर्ड का निविदाओं में प्रदान की गई जानकारी की वैधता को सत्यापित करने और किसी भी बोली को जहां सामग्री निविदा की प्रक्रिया के दौरान या पैनल के बाद या ठेका देने के बाद भी किसी भी समय गलत, गलत या अनुचित प्रतीत होती है, अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

9.9 यह माना जाएगा कि बोलीदाताओं ने:

क) निविदा दस्तावेज और उसके बाद के परिवर्तनों/शुद्धिपत्र की प्रत्युत्तर देने के प्रयोजन से जांच, यदि कोई हो, कर ली है।

ख) सभी परिस्थितियों और आकस्मिकताओं की जांच की है जिनका उनके निविदा आवेदन पर प्रभाव पड़ रहा है और जो उचित पूछताछ करके प्राप्य है और अपने निविदा आवेदनों की सत्यता और पर्याप्तता के रूप में स्वयं को संतुष्ट करता है और यदि निविदा में कोई विसंगति, त्रुटि या चूक देखी जाती है, तो बोलीदाता बोली जमा करने की अंतिम तिथि/समय पर या उससे पहले स्पाइसेस बोर्ड को सूचित करेगा।

9.10 बोलीदाता, स्पाइसेस बोर्ड आदि द्वारा वांछित निविदा/प्रस्तुति प्रस्तुत करने से सम्बद्ध सभी लागतों को वहन करेगा। स्पाइसेस बोर्ड इस प्रक्रिया के करने या परिणाम की परवाह किए बिना किसी भी लागत के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होगा ।

9.11 बोलीदाताओं को निविदा आवेदन में निहित जानकारी में किसी भी महत्वपूर्ण परिवर्तन, जिसमें उनके स्वामित्व या उनकी वित्तीय या तकनीकी क्षमता में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन शामिल है, की सूचना स्पाइसेस बोर्ड को तुरंत लिखित में देनी चाहिए। संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां उनकी सूचना के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए।

9.12 शॉर्टलिस्ट किए गए बोलीदाताओं को स्पाइसेस बोर्ड द्वारा अपनी फर्म को चुनने के बारे में किसी भी रूप में (स्पाइसेस बोर्ड से पूर्व लिखित अनुमति के बिना) विज्ञापन/प्रचार नहीं करना चाहिए।

9.13 प्रस्तुत बोलियों का मूल्यांकन प्रदान किए गए दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा। तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं का चयन किया जाएगा और वित्तीय बोली का मूल्यांकन केवल तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं के लिए किया जाएगा।

9.14. स्पाइसेस बोर्ड इस निविदा की किसी भी शर्त को पुनः परिवर्तित कर सकता है।

9.15. स्पाइसेस बोर्ड को किसी भी समय निविदा प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार होगा, जिससे प्रभावित बोलीदाताओं को कोई देनदारियां नहीं होंगी। रद्द करने के कारण, जैसा कि स्पाइसेस बोर्ड

द्वारा अपने विवेकाधिकार में निर्धारित किया गया है, इसमें निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं, लेकिन सीमित नहीं हैं:

क. अपेक्षित सेवाओं की आवश्यकता नहीं रह गई है

ख. अप्रत्याशित परिस्थितियों और/या कारकों और/या नए घटनाक्रमों के कारण काम का दायरा पर्याप्त रूप से या स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं है

ग. परियोजना स्पाइसेस बोर्ड के सर्वोत्तम हित में नहीं है

घ. कोई अन्य कारण

9.16 किसी भी प्रश्न/विवरण के लिए, बोलीदाता/विक्रेता कार्य दिवसों में प्रातः 9 बजे से सांय 5.30 बजे के बीच स्पाइसेस बोर्ड के प्रचार विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

9.17 प्रकाशन का कॉपीराइट स्पाइसेस बोर्ड के पास है।सफल बोलीदाता  किसी भी प्रकार से डिजाइन, फोटो आदि सहित कोई भी प्रयोग नहीं करेगा।

9.18 भारत सरकार/संबंधित सरकार द्वारा लगाए जाने वाले सांविधिक शुल्कों, करों आदि में वृद्धि के कारण इस अवधि के दौरान मूल्य में वृद्धि के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा;9.19

9.19 निविदा साफ-सुथरे रूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए और सभी सुधार, उपरिलेखन को सील और पूर्ण हस्ताक्षर के साथ सत्यापित किया जाना चाहिए। अ-हस्ताक्षरित बोलियां अस्वीकार किए जाने योग्य हैं.

9.20 प्रस्तुत दस्तावेजों में, सुधार, यदि कोई हो, उसे अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के पूर्ण हस्ताक्षर के साथ विधिवत प्रमाणित किया जाना चाहिए, जिसके न होने पर ऐसी बोलियों को अस्वीकार किया जा सकता है।

## 10. भुगतान की शर्तें

संपादक द्वारा संतोषजनक रिपोर्ट के साथ-साथ सही समय पर मुद्रण कार्य पूरा होने के बाद मूल रूप से बिल जमा करने पर मुद्रक को भुगतान किया जाएगा। बिल जीएसटी नंबर, टिन नंबर और बैंक विवरण जैसे चालू/बचत खाता, खाता संख्या, आईएफएससी कोड, शाखा और आरटीजीएस भुगतान के लिए बैंक नाम के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

सभी भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से ही किए जाएगें। किसी भी स्थिति में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। एजेंसी के बिलों से टीडीएस और अन्य करों की कटौती, यदि लागू हो तो, लागू कानूनों के अनुसार, की जाएगी ।

सभी भुगतान वास्तविक मुद्रण शुल्क के आधार पर होंगे।

स्पाइस इंडिया की पत्रिकाओं के मुद्रण के लिए भुगतान वास्तविक मुद्रण के लिए होगा।

- पृष्ठों की संख्या 32,40,48,56,64 से भिन्न होती है।
- 

## 11. अस्वीकरण

स्पाइसेस बोर्ड उन बोलीदाताओं के लिए या किसी अन्य तरीके से या किसी अन्य तरीके से प्रतिबद्ध नहीं है जिनकी बोलियां स्वीकार की जाती हैं। इस निविदा नोटिस का मुद्दा इस प्रक्रिया के किसी भी भाग के साथ आगे बढ़ने के लिए स्पाइसेस बोर्ड को प्रतिबद्ध या अन्यथा उपकृत नहीं करता है। किसी विपरीत कानून के अध्यधीन और कानून द्वारा अधिकतम अनुमत सीमा तक, स्पाइसेस बोर्ड और उसके कर्मचारी किसी भी नुकसान या क्षति, लागत या खर्च या किसी भी व्यक्ति के कारणों से उपजी भी देनदारियों (लापरवाही के कारण देयता सहित) या किसी भी व्यक्ति के कारणों से उत्पन्न होता है जो इस दस्तावेज़ में निहित जानकारी में किसी त्रुटि, चूक या गलत बयानी के कारणों से होता है या किसी भी व्यक्ति द्वारा अभिनय करने या किसी भी जानकारी के कारण कार्य से परहेज करता है या निविदा के लिए इस अनुरोध में निहित है या यह करने के लिए सहायक आचरण चाहे या नहीं नुकसान या नुकसान किसी भी चूक, देखभाल की कमी या स्पाइसेस बोर्ड या उसके अधिकारियों की ओर से गलत बयानी के संबंध में उठता है ,को अस्वीकार करता है।

## 12. विवाद का समाधान

क्रेता और आपूर्तिकर्ता अनुबंध के अंतर्गत या उसके संबंध में उनके बीच उत्पन्न होने वाली किसी भी असहमति या विवाद को प्रत्यक्ष अनौपचारिक बातचीत द्वारा सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। किसी भी विवाद के समाधान को निर्णय के लिए स्पाइसेस बोर्ड के सचिव के पास भेजा जाएगा।

## 13. लागू कानून और क्षेत्राधिकार

इस अनुबंध से जुड़े सभी मामलों सहित यह अनुबंध, लागू समय के लिए, भारत के कानूनों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा और एर्नाकुलम में केरल के माननीय उच्च न्यायालय के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

## 14. निविदा की महत्वपूर्ण तिथियाँ

| क्रम सं. | विवरण | तारीख | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा दस्तावेज का ऑनलाइन प्रकाशन / डाउन्लोड करने की तिथि | 27 मई 2025 | सायं 5.30 बजे |
| 2 | बोली प्रस्तुति प्रारंभ होने की तारीख | 27 मई 2025 | सायं 5.30 बजे |
| 3 | बोली प्रस्तुति समाप्त होने की तारीख | 19 जून 2025 | सायं 5.00 बजे |
| 4 | मूल ईएमडी की प्रस्तुति की अंतिम तारीख व समय | 19 जून 2025 | सायं 5.00 बजे |
| 5 | तकनीकी बोलियों को खोलना | 20 जून 2025 | सायं 5.00 बजे |

**15.** **अनुबंध-I बोलीदाता का विवरण**

| क्रमांक | मदें | बोलीदाता की प्रतिक्रिया |
|---|---|---|
| 1 | मूल सूचना | |
| | क) संगठन का नाम | |
| | ख) पंजीकृत कार्यालय पता | |
| | ग) एरणाकुलम/कोच्ची कार्यालय का पता | |
| 2 | क) संपर्क व्यक्ति का नाम | |
| | ख) संपर्क व्यक्ति का फोन नंबर | |
| | ग) संपर्क व्यक्ति का इ-मेइल पता | |
| | घ) संगठन का वेबसाइट, यदि है तो। | |
| | ङ) कारोबार प्रारंभ होने का वर्ष | |
| | च) पैन | |
| | छ) सेवा कर पंजीकरण संख्या / जीएसटी नंबर | |
| 3 | *प्रयुक्त नूतन तकनोलजी/प्रयुक्त मशीनरी का विवरण | |

| क्रमांक | मदें | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | **पिछले तीन वर्षों का औसत** |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | पिछले तीन समनुदेशन वर्षों के दौरान वार्षिक टर्नओवर (पत्रशीर्ष पर वचनबंध या सनदी लेखाकार से मूल प्रमाणपत्र/लेखापरीक्षित तुलन-पत्र) | | | | |

**5** ***पूरे किए गए समान कार्यों की सूची**

| क्रम संख्या | कार्य का नाम व स्थान | संविदा में शामिल कार्य की प्रकृति: | ग्राहक नाम व पता | ग्राहक के भाग से आए पदाधिकारी का नाम (फोन नंबर सहित) | संविदा राशि | संविदा की अवधि | कोई अन्य संगत सूचना |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

कृपया विनिर्दिष्ट करें, कि क्या केन्द्रीय सरकार / अर्ध-सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / स्वायत्त और सरकारी ऑनलाइन लिंक, यदि कोई हो।

*यदि अयशयक हो तो अतिरिक्त शीट का उपयोग करें।

**16** **अनुबंध II- घोषणा**

मैं/हम...................................................................(नाम) .......................................................................(फर्म) का नाम. ............................................(पदनाम)..................................इसके द्वारा सत्यनिष्ठा से पुष्टि करते हैं और घोषणा करत` हैं कि किसी भी सरकारी विभाग/स्वायत्त निकाय/निजी संगठन द्वारा व्यक्तिगत/फर्म/कंपनी को काली सूची में नहीं डाला जाता है। इसके अलावा, किसी भी सरकारी विभाग/स्वायत्त निकाय/निजी संगठन या न्यायालय द्वारा कोई मुकदमेबाजी जांच लंबित नहीं है और/या शुरू की गई है।

मैंने/हमने.................................................................(नाम)..................................... (पदनाम........................ (एजेंसी/फर्म/कंपनी का नाम) स्पाइस इंडिया की पत्रिकाओं और बोर्ड के विभिन्न अन्य प्रकाशनों के डिजाइन, अनुवाद और मुद्रण कार्य करने के लिए निविदा के नियमों और शर्तों को पढ़ा और समझा है और इसके द्वारा स्वीकार किया है।

(अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर)

पूरा नाम:

पदनाम :

एजेंसी का नाम और पता:

सील:

स्थान:

दिनांक: